# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi VishwaVidyalaya, Wardha**
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)


-::- प्रेस विज्ञप्ति -::-


## क्षेत्रीय केंद्र, झूंसी प्रयागराज द्वारा मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

*प्रयागराज, दिनांक 08 मार्च 2021*


महात्मा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र झूंसी, प्रयागराज द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र के विविध अनुशासनों के अध्यापकों ने इस दिवस से जुड़े विविध विषयों पर विचार विमर्श किया। डॉ. विजय सिंह ने




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा की, डॉ. अवंतिका शुक्ला ने अन्तरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के साथ- साथ वर्तमान समय की महिलाओं की समस्याओं और संघर्षों पर चर्चा की। डॉ. प्रभात सिंह ने भारतीय परिदृश्य में स्त्री विमर्श पर चर्चा की। केंद्र के अध्यापकों एक कर्मचारियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। अनुवाद अध्ययन से डॉ. हरप्रीत कौर ने स्त्री विमर्श और महिलाओं की वास्तविक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए स्वरचित कविताओं का पाठ किया। डॉ. विजया सिंह ने स्त्री पर आधारित स्वरचित कविताएं सुनाई। डॉ आशा मिश्रा ने स्त्री विषय पर आधारित कविताओं का पाठ किया। केंद्र के अनुभाग अधिकारी डॉ शंभु दत्त सती ने स्वरचित कविताओं का पाठ किया। डॉ. अनूप कुमार ने स्वरचित कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्त्व व संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका का ईमानदारी पूर्ण निर्वाह करने और स्त्री




के लिए भयमुक्त वातावरण तैयार करने की बात की। अकादमिक निदेशक ने स्त्री जीवन पर आधारित स्वरचित कविताओं का पाठ किया।

कार्यक्रम को पूर्णता देते हुए धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अवंतिका शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराधा पाण्डेय ने किया एवं तकनीकी






सहयोग श्री जयेन्द्र जायसवाल ने की। केंद्र के अन्य कर्मचारियों में देव मूर्ति द्विवेदी, राहुल, रोहित, बिरजू, जगजीवन आदि ने भी अपना सहयोग दिया।